卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 130 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦17 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# किसानों ने टॉल गेट कराया फ्री





किच्छा(उद संवाददाता)। किसान आंदोलन के समर्थन में किसानों ने शनिवार को टॉल प्लाजा पर जोरदार प्रदर्शन कर टॉल गेट खोल दिये। किसानों के विरोध प्रदर्शन के चलते मौके पर भारी पुलिस और पीएसी तैनात रही। पुलिस के पहरे के बीच किसानों ने धरना प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार और हरियाणा सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के प्रदेश अध्यक्ष गुरसेवक सिंह महर की अगुवाई में शनिवार को बड़ी संख्या में किसान किच्छा नवीन मंडी स्थल पर एकत्र हुए और यहां से चुकटी देवरिया स्थित टॉल प्लाजा पहुंचे। किसानों ने जोरदार नारेबाजी के साथ सर्वप्रथम टोल प्लाजा के दो गेटों को फ्री करवाया तथा कुछ ही देर बाद किसानों ने पूरे टोल प्लाजा को फ्री कर दिया। इसके बाद किसान नारेबाजी करते हुए टोल प्लाजा पर ही धरने पर बैठ गये। धरना स्थल पर सभा में प्रदेश अध्यक्ष गुरु सेवक सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ना तो किसानों के फसल की एमएसपी लागू की गई और ना ही पूर्व में किसान आंदोलन के द्वारा किए गए समझौते को लागू किया है। केंद्र सरकार द्वारा किसानों का लगातार शोषण किया जा रहा है जो कि बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार यदि शीघ्र ही किसानों के सभी मांगों को नहीं मानती है तो प्रदेश भर ही नहीं देशभर में किसानों द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि केंद्र की सरकार किसानों की मांगों पर ध्यान (शेष पृष्ठ सात पर)

# हिंसाग्रस्त वनभूलपुरा में हटा दिन का कर्फ्यू,चहल पहल लौटी



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिला प्रशासन ने बनभूलपुरा क्षेत्र से दिन का कर्फ्यू हटा लिया है, जबकि रात्रि कर्फ्यू जारी रहेगा। जिला मजिस्ट्रेट वंदना सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा कि हालात में सुधार के बाद बनभूलपुरा क्षेत्र के हालात काफी सुधर चुके हैं, जिसको देखते हुए शनिवार से दिन का कर्फ्यू हटा दिया गया है जबकि रात्रि कर्फ्यू जारी रहगा। डीएम के आदेश के बाद आज शनिवार को दिन में दुकानें खुली रहीं।बनभूलपुरा क्षेत्र के गौजाजाली, शनि बाजार के उत्तरी क्षेत्र, रेलवे बाजार रोड से पश्चिम दिशा का पूरा क्षेत्र, गोलच्छा कंपाउंड स्थित एफसीआई क्षेत्र में सुबह से चहल पहल नजर आई। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में प्रात: 6 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है। इस दौरान क्षेत्र रहने वाले लोग क्षेत्र में कहीं भी आ-जा सकते हैं। हिंसाग्रस्त वनभूलपुरा क्षेत्र में धीरे-धीरे रौनक लौटने लगी है। क्षेत्र में दिन का कर्फ्यू हटा दिए जाने के बाद अब आम जनजीवन पटर लौट रहा है। वहीं, हिंसा के बाद पुलिस के खौफ से शहर छोड़ कर गए लोग भी अब वापस लौटने शुरू हो गए हैं। बता दें कि हिंसा के बाद कई परिवार यहां से चले गए थे। अब कर्फ्यू में ढील के बाद क्षेत्र में दुकानें भी खुल गई और क्षेत्र में चहल पहल भी बढ़ गई है। उम्मीद है जल्द ही यहां के लोगों को प्रशासन द्वारा राहत दे दी जाएगी। हालाकि बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक का बगीचा के आसपास 100 मीटर की परिधि में कर्फ्यू जारी रखा गया है वहां किसी को भी आने-जाने की अनुमति नहीं है। दिन का कर्फ्यू खुलने के साथ ही प्रशासन की ओर से रोजाना की तरह सब्जी, राशन (शेष पृष्ठ सात पर)

# बाइक की टक्कर से एक की मौत

**भाई की शव यात्रा में शामिल होने के लिए जाते समय हुआ हादसा**



काशीपुर(उद संवाददाता)। सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक नरपत नगर तहसील स्वार जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी 49 वर्षीय चिरंजी लाल पुत्र बाबूराम छोले बताशे की फेरी लगाता था। बताया जा रहा है कि गत दिवस उसके भाई भगवान दास की मृत्यु हो गई। शुक्रवार की शाम जब वह भाई की शव यात्रा में शामिल होकर अंत्येष्टि के लिए श्मशान घाट की ओर जा रहा था। इसी दौरान मार्ग में मोटरसाइकिल चालक ने तेजी व लापरवाही से उसे पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को काशीपुर के मानपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां (शेष पृष्ठ सात पर)

# होटल कर्मी पर हमला करने वाले पांच गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खाना लेने जा रहे होटल कर्मी पर एकराय होकर हमला करने वाली पांचों नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष



भारत सिंह ने बताया कि 13 फरवरी को थाना ट्रांजिट कैम्प में आवास विकास निवासी वादी दिनेश चंद्र पुत्र संजय कुमार ने तहरीर दी कि अभियुक्तो (शेष पृष्ठ सात पर)

# अगवा नाबालिग लड़की बरामद,आरोपी गिरफ्तार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा क्षेत्र से बहला फुसलाकर अगवा की गयी लड़की को पुलिस ने रामपुर से बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है। जानकारी के मुताबिक रम्पुरा क्षेत्र से बीती 12 फरवरी को एक नाबालिग लड़की गायब हो गयी थी। परिजनों ने मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी और एक युवक पर संदेह व्यक्त किया था। रम्पुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस टीम ने नाबालिग की बरामदगी के लिए सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अमृत उर्फ सिद्धू पुत्र सरजीत सिंह निवासी मनिहार खेड़ा विलासपुर विलासपुर रामपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया। नाबालिग को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया और मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 363/ 366 आईपीसी के साथ ही पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी कर उसे न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक नवीन बुधानी,नेहा राणा, कांस्टेबल अमित जोशी आदि शामिल थे।

# साइबर ठग ने लगाया 1.65 लाख का चूना

हल्द्वानी। एक व्यक्ति से धोखाधड़ी कर साइबर ठग ने उसे चूना लगा दिया। जब उसे ठगे जाने का एहसास हुआ तो उसे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मावधवपुरम आरटीओ रोड हल्द्वानी निवासी आनंद बल्लभ उपाध्याय ने साइबर क्राइम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके मोबाइल पर फोन आया और खुद को उसने अपनी रिश्तेदार का पति बताते हुए कुछ पैसों की जरूरत बताई। जिसके बाद उसके द्वारा भेजे गए क्यूआर कोर्ड के माध्यम से उसे 1 लाख 65 हजार रूपए (शेष पृष्ठ सात पर)

# ‘उत्तराखंड’ में अब ‘सपा’ ने बढ़ाई ‘कांग्रेसियों की टेंशन’

**हरिद्वार लोकसभा सीट पर सपा ने ठोका दावा , पेचीदा हो सकता है सूबे में कांग्रेस व सपा का तालमेल, कांग्रेसी दिग्गजों के मंसूबों पर फिर सकता है पानी, धरी की धरी रह जा सकती है तैयारियां**

-अर्श-




देहरादून। आम चुनाव के पहले कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में मची भगदड़ एवं देश भर में पुराने तथा जनाधार वाले नेताओं के पार्टी छोड़ने के सिलसिले से परेशान कांग्रेस को, अब उत्तराखंड में भी उसकी संभावित सहयोगी समाजवादी पार्टी ने एक नई टेंशन दे दी है। बीते रोज देहरादून में संपन्न समाजवादी पार्टी राज्य इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश की हरिद्वार लोकसभा सीट पर दावा ठोकने एवं उपरोक्त सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी इंडिया गठबंधन की ओर से उतारे जाने की मांग करने का निर्णय किया गया है। सपा सूत्रों के मुताबिक राज्य इकाई के इस निर्णय के बारे में जल्द ही पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को एक प्रस्ताव भेजा जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष से आग्रह किया जाएगा कि वे इंडिया गठबंधन के समक्ष उत्तराखंड की हरिद्वार लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का दावा पेश करें।बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए समाजवादी पार्टी के उत्तराखंड इकाई अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कहा कि सपा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जमीनी स्तर पर व्यापक तैयारी कर चुकी है और लोकसभा चुनाव में पूरी मजबूती के साथ भागीदारी करने के लिए तत्पर है। पोखरियाल ने आगे कहा कि राज्य के समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की मंशा है कि उन्हें उत्तराखंड की कम से कम एक लोकसभा सीट पर अपनी पार्टी का प्रत्याशी लड़ने एवं भाजपा से सीधे दो दो हाथ करने का मौका अवश्य मिले। सपा प्रदेश अध्यक्ष के मुताबिक बैठक में कार्यकर्ताओं की भावनाओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराने का निर्णय लिया गया है और इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष का जो भी निर्देश होगा उसका पालन किया जाएगा ।राष्ट्रीय नेतृत्व का निर्देश हुआ तो पार्टी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव उत्तराखंड की सभी सीटों में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने का काम भी करेंगे। मीडिया के समक्ष प्रस्तुत होने के पर्व संपन्न हुई बैठक में सपा प्रदेश अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार में किसान, सरकारी कर्मचारी, व्यापारी, सभी लोग परेशान हैं । भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम सीमा पर है, लेकिन भाजपा जनता से जुड़े मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए धार्मिक ध्रुवीकरण कर चुनाव जीतना चाहती है और एक धर्म के लोग को टारगेट बनाया जा रहा, जो देवभूमि उत्तराखंड के लिए खतरनाक है। सपा कार्यकर्ताओं की छोटी-छोटी सभाएं करके भाजपा की विभाजनकारी नीति को उजागर करेगी। देखा जाए तो समाजवादी पार्टी फिलहाल मोटे तौर पर इंडिया गठबंधन के नॉरेटिव को ही लेकर आगे बढ़ती दिख पड़ती है,लेकिन हरिद्वार लोकसभा सीट पर अपना दावा प्रस्तुत करके वह इंडिया गठबंधन की अगुवा कांग्रेस, जिसके नेता (शेष पृष्ठ सात पर)

# हल्द्वानी में वांटेड दंगाईयों के पोस्टर चस्पा

हल्द्वानी। पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा में फरार चल रहे अब्दुल मलिक सहित नौ आरोपियों के पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टर जारी कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार, ये पोस्टर हल्द्वानी सहित पूरे नैनीताल जिले में सार्वजनिक जगहों पर चस्पा किए जा रहे हैं। बनभूलपुरा के लाइन नंबर आठ में मलिक के घर की कुर्की की कार्रवाई भी पुलिस ने शुरू कर दी है। इस मामले में अभी तक कुल 42 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार ये पोस्टर हल्द्वानी सहित पूरे नैनीताल जिले में सार्वजनिक जगहों पर चस्पा किए जा रहे हैं। नैनीताल पुलिस के अनुसार आठ फरवरी को बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रवियों द्वारा पुलिस, प्रशासन, नगर निगम व मीडिया कर्मियों पर पथराव, आगजनी व गोलीबारी की हिंसक घटना' के सम्बन्ध में थाना-बनभूलपुरा में मुकदमे दर्ज किए गए तथा घटना में संलिप्त उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिये एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा एसपी सिटी हरबन्स सिंह के पर्यवेक्षण में विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। पुलिस टीमों द्वारा घटनास्थलों के आसपास के सीसीटीवी के अवलोकन एवं अन्य साक्ष्यों' के आधार पर अभी तक 42 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किये गये। उक्त हिंसक घटना में संलिप्त उपद्रवियों में से 09 वांछित दंगाइयों के पोस्टर जारी किए गए हैं। नैनीताल पुलिस द्वारा वांछित उपद्रवियों के पोस्टर शहर में जगहख़्रजगह चस्पा किए गए हैं। पुलिस की टीमें लगातार इन उपद्रवियों की सभी संभावित ठिकानों में तलाश कर रही हैं। जनता को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति को यदि इन उपद्रवियों के बारे में कोई भी सूचना मिले तो तत्काल जनपद नैनीताल पुलिस को 9411112743/ 9411112741, 9411110396 तथा पुलिस कंट्रोल रूम केनंबर 9411112979 व 9412087770 पर सूचित करने का कष्ट करें।




## एडीजी ने किया बनभूलपुरा में नई पुलिस चौकी का निरीक्षण



हल्द्वानी। मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाए गई भूमि में नया थाना स्थापित करने के बाद एडीजी पुलिस प्रशासन ने श्री अमित सिन्हा ने शुक्रवार को नैनीताल पुलिस द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र में स्थापित नई पुलिस चौकी का जायजा लिया गया। नए थाने हेतु आवश्यक बीपीआरडी के निर्धारित मानकों संबंधी प्रस्ताव के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु श्री योगेन्द्र सिंह रावत, डीआईजी कुमाऊं रेंज एवम श्री प्रहलाद नारायण मीणा, एसएसपी नैनीताल को निर्देश दिए गए। मौके पर श्री मनोज ठाकुर अपर पुलिस अधीक्षक, नितिन लोहनी सीओ भवाली, सुमित पांडे सीओ एसटीएफ व अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।




# ट्रैफिक समस्या ने लिया विकराल रूप, हाईवे बनी पार्किंग

## नहीं हो रहा सुधार पार्किंग में तब्दील है हाईवे, जाम के झाम ने बढ़ाई दुश्वारियां

**-मनोज श्रीवास्तव-**

काशीपुर(उद संवाददाता)। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह फेल साबित हुई। नगर की अधिकांश सड़कों पर वाहन आड़े तिरछे खड़े हो जाते हैं। बेतरतीब खड़े वाहनों से जहां एक और जाम की समस्या यहां आम बन चुकी है वहीं दूसरी ओर मुरादाबाद रोड पर हाईवे आज भी पार्किंग में तब्दील है। मजे की बात तो यह है कि यातायात के उच्च अधिकारियों का इस मार्ग से होकर दिन में कई-कई बार आवागमन होता है लेकिन वह रसूख वालों के खिलाफ मुंह खोलने से परहेज करते हैं। ट्रैफिक पुलिस की इस लापरवाही के कारण जहां एक और गंभीर दुर्घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है वहीं दूसरी ओर उक्त मार्ग पर वाहनों की रफ्तार भी काफी मंद पड़ चुकी है। बता दें की पिछले कुछ समय से यातायात पुलिस कि गलत नीतियों के कारण मुरादाबाद रोड पर सीओ कार्यालय से लेकर ढेला पुल तक मार्ग के दोनों ओर स्कूल, प्राइवेट अस्पताल, बैंक, होटल व बड़े शोरूम से जुड़े कारोबारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को पूरी तरह पार्किंग बना दिया। हाईवे के किनारे बड़ी तादाद में आड़े तिरछे खड़े दो पहिया चार पहिया वाहनों के कारण आए दिन यहां गंभीर दुर्घटनाएं घटित हो रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण के फल स्वरुप महेशपुर पुलिया से लेकर ढेला पुल के बीच अब तक गंभीर दुर्घटनाओं में दर्जनों लोग काल के गाल में चले गए लेकिन व्यवस्था में सुधार को लेकर आज तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया जा सका। अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि हाईवे को पार्किंग में तब्दील करने के लिए बाकायदा सुविधा शुल्क दिया जाता है। इसी तरह टांडा उज्जैन, स्टेडियम तिराहा तथा चीमा चौराहे पर सुबह से लेकर देर रात तक कई-कई बार भीषण जाम की नौबत बन जाती है। वाहनों की लंबी कतार लगने के कारण लोगों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।



## मैजिक, टेंपो व ई रिक्शा चालक कर रहे मनमानी

काशीपुर। टांडा उज्जैन तिराहे पर जसपुर की ओर चलने वाले मैजिक वाहनों का गैर कानूनी तरीके से अड्डा बनाया गया है। इस अड्डे पर नंबर लगाने के नाम पर वाहनों से रंगदारी वसूल की जाती है। यही पास में प्रशासन द्वारा फल मंडी हटाए जाने के बावजूद सुबह से लेकर देर रात तक फल के ठेले कतारबद्ध तरीके से खड़े देखे जा रहे हैं। तिराहे के आसपास ई रिक्शा चालकों का आतंक लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बैटरी रिक्शा चालक तिराहे पर वाहनों को आड़ा तिरछा खड़ा कर सवारियां भरने का काम कर रहे हैं। कुल मिलाकर टांडा तिराहे पर एक ओर मैजिक व टेंपो तथा दूसरी ओर ई रिक्शा की रेलमपेल के कारण गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# मांगों को लेकर बीमा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज भोजनावकाश में भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा कार्यालय रुद्रपुर में ऑल इंडिया इंश्योरेन्श ईम्पालाईज एशोसिएशन के आह्वान पर तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि सभी कर्मचारियों ने लम्बे समय से लम्बित वेज रिवीजन व अन्य मांगो के समर्थन में इसके पूर्व भी कई बार नारेबाजी व प्रदर्शन करके प्रबन्धन से उचित कार्यवाही करने के लिये आग्रह किया है। लेकिन प्रबन्धन किसी भी मुद्दे पर बात करने के लिये तैयार नही है। प्रबन्धन के इस नकारात्मक व अड़ियल रवैये के कारण सभी कर्मचारियों को भोजनावकाश में प्रर्दशन व नारेबाजी के लिये मजबूर होना पड़ा है। फिर भी यदि प्रबन्धन वार्ता के लिये तैयार नही होता है तो कर्मचारी आगे कठोर कदम उठाने के लिये बाध्य होंगे। उन्होंने कहा बीमा व बैंको सहित सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण बन्द किया जाये, श्रमिकों के लिये न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए किया जाये, नौकरियों में ठेकेदारी प्रथा को बन्द किया जाये, चार श्रम संहिताओं को रद्द किया जाये, 1 अगस्त 2022 से भारतीय जीवन बीमा निगम कर्मियों के लम्बित वेज रिवीजन को शीघ्र लागू किया जाये, नई पैन्शन योजना के स्थान पर पुरानी पैन्शन योजना लागू की जाये, जब तक पुरानी पैन्शन योजना लागू ना हो जाये तब तक प्रबन्धन का योगदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया जाये, बढ़ते व्यवसाय के कारण तृतीय व चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में नई भर्तियाँ शीघ्र की जाये तथा आउटसोर्सिंग बन्द की जाये। वक्ताओं में कॉ. विपिन त्रिपाठी व कॉ. उपदेश सक्सेना प्रमुख रहे। प्रदर्शन करने वालों में बलवन्त सिंह बोरा, अजय सक्सेना, सन्तोष कुमार मंगोली, राजेन्द्र सिंह, जीवन चन्द्र जोशी, नैनी गोपाल, राजीव सिंघल, दीपा चन्द्रा, पूनम सरोज, राहुल मिश्रा, अजय कुमार आर्य, प्रेमराम, देव सिंह नेगी, भुवन चन्द्र भट्ट, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, राहुल, आदि मौजूद रहे।




# मंडलायुक्त ने की जलजीवन मिशन की समीक्षा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुमाऊ मण्डल की जलजीवन मिशन की समीक्षा के दौरान आयुक्त दीपक रावत ने सभी जनपदों के नोडल जलजीवन मिशन के अधिकारियों को प्रतिदिन कार्यों की मानिटरिंग करने के निर्देश बैठक में दिये। आयुक्त ने कुमाऊं मण्डल के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो योजनायें धरातल पर पूर्ण हो चुकी है लेकिन विद्युत संयोजन के कारण योजना प्रारम्भ नही हो पा रही है सूची देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा जलजीवन मिशन की प्रत्येक योजनाओं के बारे में नोडल मुख्य अभियंता को जानकारी होना आवश्यक है कि योजना में कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। अगर किसी योजना में कार्य मे रूकावट हो रही है तो सम्बन्धित उच्च अधिकारी को भी इसका संज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा मार्च 2024 तक यह कार्य पूर्ण होना है। उन्होंने कहा कि यूपीसीएल, वन विभाग, जलसंस्थान व जलनिगम आपसी समन्वय कर कार्य को समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। आयुक्त ने कहा जो योजनायें में 75-99 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है उन योजनाओं को फरवरी तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को जलजीवन मिशन कार्य को संवेदशीलता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण के साथ ही मानिटरिंग भी करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि 15 दिनों के भीतर जलजीवन मिशन के कार्या के प्रगति की समीक्षा की जायेगी। बैठक में उपनिदेशक अर्थसंख्या राजेन्द्र तिवारी, अधीक्षण अभियंता जलसंस्थान विशाल सक्सेना, महाप्रबन्धक जलसंस्थान अहमद अंसारी, मुख्य अभियता जलजीवन मिशन विकास कुमार, दीपक मलिक, अधिशासी अभियंता बिलाल यूसुफ के साथ ही कुमाऊ मण्डल के जल जीवन मिशन के अधिकारी उपस्थित थे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# ग्रामों के विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना जरूरी : देवराड़ी

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्रामों के विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना का तैयार किया जाना आवश्यक है। यह बात पूर्व संयुक्त निदेशक डीपी देवराड़ी ने आज यहां गांधी पार्क में आयोजित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर बतौर मुख्य वक्ता के रूप में कुमाऊं भर से आये ग्राम प्रधानों का मार्ग दर्शन करते हुए कही। उन्होंने ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायत विकास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पहले ग्राम के मुख्य विकास कायों का लक्ष्य निर्धारित कर लें। उसके बाद बजट के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों का चयन करें। इसमें वह कार्य चुने जिनमें क्षेत्र के अधिकांश को लाभ पहुंच सकता हो। उन्होंने कहा कि ग्राम का विकास क्षेत्र के सभी लोगों को साथ लेकर ही किया जाना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत का संकल्प तभी पूरा हो सकता है जब देश की पंचायतें मजबूत होंगी। इसके लिए हम सब को मिलकर प्रयास करने होंगे। वहीं स्टेट कोआर्डिनेटर पंकज नाथ तिवारी, स्टेट प्रोजेक्टर दिनेश गंगवार सहित अन्य कई वक्ताओं ने भी ग्राम प्रधानों को क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी तक सभी ग्राम पंचायतें ई ग्राम पोर्टल पर रजिस्टर्ड नहीं हुई है। जिसके लिए सभी ग्राम प्रधानों को प्रयास करने होंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर सम्भल ने कहा कि आज ग्राम प्रधानों को जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है वह उनके द्वारा शपथ लेने के कुछ समय बाद ही दे देना चाहिए था। अब जबकि ग्राम प्रधानों के कार्यकाल समाप्त होने में कुछ ही माह शेष बचे है कार्यशाला आयोजित करना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों के कार्यकाल में दो वर्ष कोरोना काल में व्यतीत हो गये। अब ग्राम प्रधानों का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाने के लिए प्रदेश भर में आन्दोलन किया जा रहा है। जिस पर शासन प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। कार्यशाला में जनपद उधमसिंहनगर, चंपावत, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, व नैनीताल के सैकड़ों ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# टैक्सी में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं डीडी चौक के पास टैक्सी सवार महिला ग्राम प्रधान से अभद्रता व टैक्सी में तोड़फोड़ करने वाले दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में डुंगर सिंह पुत्र आनन्द सिंह निवासी ग्राम बसगांव पोस्ट हरतौला जनपद नैनीताल ने कहा है कि 16 फरवरी को सांय वह अपनी टैक्सी गाडी लेकर टैक्सी स्टैण्ड पर खड़ा था । गाडी में उसके गांव की प्रधान श्रीमति ललीता देवी जैसे ही दरवाजा खोलकर गाडी से उतरने लगी तो उनसे गाडी का दरवाजा पास में खडी गाडी संख्या से हल्का टच हो गया । तो उस गाडी में बैठे व्यक्ति ने बाहर आकर गाली गलौच करते हुए 1500 रूपये मुआवजे की मांग की। प्रधान श्रीमति ललीता देवी ने कहा गाडी में इतना नुकसान भी नहीं हुआ है जितना तुम इनसे पैसे मांग रहे हो तो उस व्यक्ति ने प्रधान के साथ भी अभद्रता शुरू कर दी। जिसका विरोध किया तो वह कुछ लोगों को बुला लाया और उन सबने मिलकर पिटाई शुरू कर दी । जिससे उसके सिर में गम्भीर चोट आई। उसने चौराहे पर ट्रैफिक ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मी की तरफ भागकर अपनी जान बचाई। उन लोगों ने उसकी टैक्सी संख्या यूके 04 टीए 4885 को भी पूरी तरह तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पर्यटकों और टैक्सी चालकों में मारपीट करने के मामले में कार्रवाई की मांग

नैनीताल। मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस को ज्ञापन देकर टैक्सी चालकों और पर्यटकों के बीच बृहस्पतिवार को हुए मारपीट मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन का कहना है कि नैनीताल में पर्यटकों और स्थानीय टैक्सी चालकों के बीच मारपीट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसका असर पर्यटन गतिविधियों पर पड़ रहा है और कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में सख्ती से जांच होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि मारपीट करने वाले संबंधित चालकों का सत्यापन कराया जाए। उन्होंने पर्यटकों के साथ हो रही इस तरह की घटनाओं में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की मांग की है। नैनीताल। तल्लीताल टैक्सी मालिक समिति के अध्यक्ष पंकज तिवारी का कहना है कि पर्यटकों से मारपीट करने वाले टैक्सी चालक यूनियन के सदस्य नहीं हैं। तिवारी ने कोतवाली पुलिस को ज्ञापन देकर कहा है कि ऐसे लोगों की वजह से टैक्सी चालक और यूनियन बदनाम हो रही है। उन्होंने ऐसे लोगों की खिलाफ सख्त रूप से कार्रवाई की मांग की है।

# शादी से परिवार संग बापस लौट रहे कांग्रेस नेता से मारपीट

## हथियार लेकर घर पर भी किया हमला

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। शादी से परिवार के साथ वापस लौट रहे कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष के साथ बाईक सवार युवक ने बदमीजी की और परिवार के साथ घर के सामने आकर हथियार लहराकर मारपीट की। मामले में पुलिस ने पिता पुत्र समेंत चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसागर थाने में दी तहरीर में ग्राम खेमपुर निवासी कांग्रेस नेता सतनाम सिंह पुत्र गुरदीप सिंह ने कहा कि 15 फरवरी को रात्रि अपनी पत्नी, पुत्री व भतीजी के साथ गांव में शादी समारोह से वापस आ रहें थे कि तभी गांव का ही युवक राजू सिंह पुत्र श्री गुरमीत सिंह ने सामने से आते हुये तेज गति से बाईक को ब्रेक मारकर हमारे सामने खड़ी कर दी। अंधेरा होने के चलते उसका परिवार घबरा गया। जब तक हम कुछ समझते तब तक युवक बाईक आगे ले गया और फिर पुनः वापस आकर उनके पास होकर जोर-जोर से हार्न मारते हुये सामने आकर ब्रेंक मारकर हमें डराने की कोशिश करने लगा। आरोप है कि उक्त राजू सिंह अपने परिवार के हीरा सिंह पुत्र गुरमीत सिंह ,गुरमीत सिंह पुत्र हर सिंह , गुरमेज सिंह पुत्र हर सिंह निवासी खेमपुर थाना नानकमत्ता एक अन्य रिश्तेदार कलकत्ती गदरपुर निवासी के साथ उसके घर लाठी डण्डे व धारधार हथियार, लेकर पहुंच गए। उनके द्वारा मारपीट की गई। मारपीट में कांग्रेस नेता की पत्नी को चोट आई है। आरोप है कि आरोपी राजू सिंह ने अगले दिन भी घर के सामने हार्न व ब्रेक आदि स्टंट मारकर उन्हें लगातार धमकाने का प्रयास किया। कांग्रेस नेता ने अपने परिवार को खतरा बताते हुये 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नेत्रदान कर अमर हुई कैलाश रानी खुराना की आंखें



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के व्यापारी विनोद खुराना ,सुशील खुराना और राजीव खुराना की माता श्रीमती कैलाश रानी खुराना का गत रात्रि निधन हो गया। जिस पर उनके परिजनों ने भारत विकास परिषद शाखा के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार खनिजों और पंकज बांगा से संपर्क कर अपनी माता के नेत्रदान की इच्छा जताई। जिस पर खुराना परिवार की इच्छा का सम्मान करते हुए भारत विकास परिषद के सदस्यों ने मुरादाबाद के सीएल गुप्ता मेमोरियल अस्पताल से संपर्क किया। जिस पर सीएल गुप्ता मेमोरियल अस्पताल से नेत्र विशेषज्ञों की टीम आई और उन्होंने स्वर्गीय कैलाश रानी खुराना के नेत्रों को सुरक्षित नेत्र बैंक भिजवाया। श्री खनिजो और श्री बांगा ने कहा कि नेत्रदान महादान है ऐसे में श्रीमती खुराना ने नेत्रदान कर एक महान कार्य किया है और अब उनकी आंखें अमर हो गई हैं। खुराना परिवार के इस प्रयास की सभी ने सराहना की और श्रीमती खुराना के निधन पर शोक व्यक्त किया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# शक्तिफार्म सिडकुल मार्ग पर भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नो एंट्री के बावजूद शक्तिफार्म-सिडकुल मार्ग पर ओवरलोड व भारी वाहनों का लगातार दौड़ना जारी है। इन वाहनों पर रोक लगाने की मांग को लेकर नगर वासियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। शुक्रवार को सीओ को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि शक्तिफार्म-सिडकुल मार्ग पर दौड़ने वाली भारी और ओवरलोड वाहनों के चपेट में आकर पूर्व में दो लोगों की मौत हो गई थी।जिसको लेकर शक्तिफार्म चौकी मे एक बैठक का आयोजन किया गया था,विचार विमर्श के बाद सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक नो एंट्री लगा दिया था, उन्होंने नो एंट्री का कड़ाई से पालन की मांग की। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में रमेश राय, प्रेम अरोड़ा, रंजीत दास, मनोज कुमार, विवेक शामिल रहे।

# आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होते हुए बुद्ध पार्क से जुलूस निकाल नायब तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य सेवा की बुनियाद के रूप में आशा वर्कर्स सेवा देती आ रही हैं। जिससे प्रसव और जन्म- मृत्यु की दर में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। प्रसव पूर्व तथा प्रसवोत्तर सहित अन्य टीकाकरण कार्य भी नियमित संचालित किया जा रहा है। समय समय पर सरकार द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य भी आशाओं द्वारा सम्पन्न किये जाते हैं। कोरोना महामारी के दरम्यान भी महामारी संबंधी विभिन्न निरोधात्मक कार्यक्रम को भी आशाओं ने अपनी जान जोखिम में डाल कर पूरी मुस्तैदी व लगन के साथ पूरा किया। बीते कई वर्षों में काम का अतिरिक्त बोझ इतना बढ़ा दिया गया है। लेकिन आशा कर्मियों के मेहनताना व सेवा शर्त में कोई भी वृद्धि एक दशक से नहीं हुई है और राज्य व देश भर की करीब 10 लाख से अधिक आशा वर्कर्स एक अमानवीय हालात में कार्य करने को अभिशप्त है। वर्ष 2024 के बजट में भी आशा कर्मियों सहित अन्य स्कीम वर्करों के लिए भारत सरकार ने कोई घोषणा नहीं की है जो निंदनीय है। ज्ञापन में चार सूत्रीय मांग उठाई गई। जिसमे आशा वर्कर्स को नियमित मासिक वेतन, कर्मचारी का दर्जा व सेवानिवृत्त होने पर सभी अनिवार्य पेंशन का प्रावधान करने, सेवानिवृत्त होने वाली आशा वर्कर्स को जब तक पेंशन योजना का लाभ नहीं दिया जाता तब तक रिटायरमेंट के समय एक मुश्त 10 लाख का भुगतान करने, आशाओं को विभिन्न मदों के लिए दिए जाने वाले पैसे कई कई महीनों तक लटकाने के स्थान पर अनिवार्य रूप से हर महीने दिया जाने तथा पल्स पोलियो अभियान में दैनिक दिहाड़ी रोज की दर से भुगतान किया जाये। इसी तरह ट्रेनिंग में भी दे दैनिक दिहाड़ी की दर से दिया जाये। ज्ञापन देने वालों में आशा यूनियन की नगर अध्यक्ष रिंकी जोशी, आशा वर्कर्स रीना बाला, सरोज रावत, सायमा, प्रीति रावत, हंसी बेलवाल, पुष्पा, शाइस्ता खान, तबस्सुम, सुनीता, चंपा कोरंगा, ममता पपने, गीता थापा, चंपा मंडोला, जानकी थापा, इंदु बाला, भगवती बिष्ट, गंगा साहू, पुष्पा आर्य, कमला पंत, शिव कुमारी, चंपा परिहार, दीपा पलड़िया, मीना केसरवानी, गीता शर्मा, आनंदी, रुखसाना, तारा, अनीता देवल, गीता जोशी, मोहिनी बृजवासी, स्वाति, रेनू, मंजू, जीवंती, पूनम, लीला, रश्मि, मालती, खष्टी, इंद्रा, हेमा शर्मा, विनीता, अंजना, छाया, कैलाश पांडे समेत बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स मौजूद रहीं।

# सीडीओ ने मारा छापा,कई अधिकारी गैरहाजिर

गदरपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विकास खण्ड गदरपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लेखाकार मदन सिंह सैनी, आईपीआरपी नदीम मल्लिक, सुश्री सुनीता, राखी के नाम पता एवं मोबाइल नम्बरों का विवरण तथा समस्त आवासों का निरीक्षण कर अक्षांतर/देशांतर सहित फोटो अपने पास रखें। उन्होने कहा कि समस्त फिल्ड स्तरीय कर्मचारी अपनी-अपनी दैनिक डायरी में प्रतिदिन जियोटैग करते नियमानुसार द्वितीय एवं अतिम किस्त निर्गत करने हेतु प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर प्रस्तुत कराते हुए उक्त कार्यमाह फरवरी 2004 में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिये कि एनआर०एस०ए०के अन्तर्गत लक्ष्य भवन के निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ सहायक अभियन्ता को निर्देश दिये कि निर्माणाधीन भवन का मानचित्र एवं प्राकलन की प्रति बीडीओ उपलब्ध कराये तथा निर्माणाधीन भवन का कार्य उच्च गुणवत्तायुक्त निर्धारित समय पर पूर्ण





अनधिकृत से अनुपस्थित पाये गये। मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को उक्त अनुपस्थित कार्मिकों का स्पष्टिकरण प्राप्त कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होने सहायक खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के समस्त लाभार्थियों प्रविष्टियां करेंगे तथा प्रत्येक 15 दिवस में खण्ड विकास अधिकारी को अवलोकित कराये।उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि समस्त ग्राम विकास अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं प्रधानमंत्री जनमन धन योजनान्तर्गत प्रथम किस्त प्राप्त कर चुकें लाभार्थियों के निर्माणाधीन आवासो का के सापेक्ष अवशेष 06 समूहों का गठन करना तथा अभियान संचालित कर गठित समस्त समूहों का लोकेज में प्रविष्टियां करना सुनिश्चित करें। सी.सी. लिमिट हेतु अवशेष लक्ष्य को तत्काल पूर्ण कराये तथा लम्बित प्रकरणों का विवरण बैंकवार जनपद मुख्यालय को प्रेषित करें। उन्होने विकास खण्ड परिसर में निर्माणाधीन कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान यद्यपि कार्यालय कक्षों एवं कार्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था सतोषजनक पायी गयी तथापि कार्यालय परिसर की दीवारों के पास भी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी उपस्थित थे।

# एसडीएम ने खामियां मिलने पर प्राइवेट हॉस्पिटल किया सील

जसपुर। एसडीएम ने पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ शुक्रवार को यूनियन बैंक के पास एक प्राइवेट हॉस्पिटल में छापा मारा। इस दौरान कोई भी अभिलेख नहीं दिखाने पर प्राइवेट हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया। इसके साथ ही हॉस्पिटल में मिले तीन युवकों का पुलिस एक्ट में चालान किया गया है जबकि युवती को घर भेज दिया गया। एसडीएम गौरव चटवाल ने बताया कि फर्जी हॉस्पिटल चलाने की शिकायत मिली थी। इस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को



लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल पर जब छापा मारा गया तो वहां एक भवन के बाहर श्री हॉस्पिटल का बोर्ड लगा हुआ था। हॉस्पिटल के अंदर कंबल, दवाई, डॉक्टरों की नेम प्लेट आदि मिलीं। जिससे प्रतीत हुआ कि हॉस्पिटल के नाम का दुरुपयोग किया जा रहा था। प्राइवेट हॉस्पिटल रजिस्ट्रेशन नहीं था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हितेश शर्मा ने बताया कि उपस्थित डॉक्टर हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन अथवा अन्य कोई अभिलेख नहीं दिखा सके। जिस पर हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया। कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल में मिली युवकी को उसके घर भेज दिया गया जबकि तीनों युवकों का पुलिस एक्ट में चालान किया गया है।

# लावारिस घूमती मिली बालिका

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: ट्रांजिट कैम्प सिडकुल ढ़ाल पर लावारिस हालत में घूमती करीब पांच वर्षीय मासूम बालिका बरामद की गई। सूचना मिलने



पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बालिका से उसके परिजनों के बारे में जानकारी ली और उसे क्षेत्र में अनेक स्थानों पर घुमाया। लेकिन बालिका के परिजनों का कोई पता नहीं चल सका। बालिका ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस के संरक्षण में है। जानकारी के अनुसार आज प्रात: कुछ लोगों ने सिडकुल ढ़ाल पर करीब पांच वर्षीय मासूम बालिका को लावारिस अवस्था में घूमते देखा। बालिका से पूछताछ करने पर जब कुछ नहीं बता पाई तो मामले की सूचना पूलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने बालिका को अपने संरक्षण में लेकर उससे दुलार के साथ बातचीत की तो उसने अपना नाम रीना तथा माता पिता का नाम सोनम व संजय बताया। लेकिन वह अपना पता नहीं बता पाई। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने बालिका को आसपास के क्षेत्र में अपने साथ घुमाते हुए लोगों से बालिका के सन्दर्भ में पूछताछ की परंतु पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। जिसके बाद बालिका को थाने में लाकर उसे खिलाया पिलाया गया और उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी।

# ट्रांजिट कैम्प में सामूहिक विवाह समारोह कल

## सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से एक साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे 41 जोड़े: चुघ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सर्व व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ ने बताया कि 18 फरवरी को ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को 41 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।उन्होंने बताया कि लघु उद्योग व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे जोड़ों का विवाह कराया जाता है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह में देश के अनेक साधु संत पहुंचेंगे जो नव दंपति को अपना आशीर्वाद देंगे।18 फरवरी को गल्ला मंडी से बारात प्रारंभ होगी जहां सभी दूल्हे गाजे बाजे के साथ बारात लेकर प्रस्थान करेंगे। जो शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान पहुंचेगी। जहां सभी 41 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि



सामूहिक विवाह में कई संस्थाएं अपना सहयोग दे रही हैं। जिनमें श्री खाटू धाम सेवा समिति ट्रांजिट कैंप, श्री बालाजी मंडल सेवा समिति, सुंदरकांड महिला मंडल आवास विकास, गायत्री परिवार, अग्रवाल महासभा, जिंदगी जिंदाबाद टीम, गायत्री परिवार, योगी सेना, शामिल है। इसके अलावा संस्था के संरक्षक दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ,संयोजक संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, विकास बंसल, जागृति ट्रस्ट के अमित राठौर, सुरेंद्र गुप्ता, अशोक कुमार ,कमलदीप सोनकर, विकास आर्य, राज कोली, रागिनी ममता त्रिपाठी शिवकुमार शिबू,सनी पासवान,राजीव कुमार भी अपना सहयोग देंगे। श्री चुघ ने सभी नगर वासियों से इस सामूहिक विवाह में पहुंचने की अपील की है।




# हरि चैतन्यपुरी हिंदुत्व के आधार स्तंभ व देवभूमि रत्न पुरस्कार से सम्मानित

## देश भर में पद यात्रा करके लोगों को नदियों के प्रदूषण,गौहत्या व गायों की दुर्दशा के प्रति कर चुके हैं जागरूक

देहरादून (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चैतन्य महाप्रभु को वेद शास्त्र रिसर्च फाउंडेशन के द्वारा हिंदुत्व के आधार स्तंभ व देवभूमि रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। पूर्व राज्यपाल व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड तीरथ सिंह रावत, प्रसिद्ध संत उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, विनय रोहेला, मधु भट्ट अनेक सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री व अनेक प्रसिद्ध संतो द्वारा बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों के बीच देवभूमि रत्न व हिंदुत्व के आधार स्तंभ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी का कहना था कि स्वामी श्री हरि चौतन्य महाप्रभु जी ने भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार व सनातन संस्कृति को पूरे विश्व के सम्मुख विज्ञान सम्मत संदेश को देने के रूप में योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्री महाराज जी ने कहा कि सभी सम्मान मेरे नहीं हैं यह भारत ,भारतीय संस्कृति व हमारे वैज्ञानिक ऋषियों के चिंतन के हैं जो हो रहे हैं, होते रहे है व होते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री महाराज जी देश भर की हजारों मील की पद यात्रा करके लोगों को नदियों के प्रदूषण,गौहत्या व गायों की दुर्दशा, नशा व बुरे व्यसनों, ढोंग, पाखंड व अंधविश्वासों के विरुद्ध जागरूकता पैदा कर रहे हैं सियोल ओलंपिक स्टेडियम सियोल दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व धर्म संसद व यूनिवर्सल पीस कांफ्रेंस जिसमें 102 देशों के प्रतिनिधि, अनेक राष्ट्राध्यक्ष व सवा



लाख लोग एकत्रित हुए उसमें भारत का प्रतिनिधित्व करके श्री महाराज ने भारत का गौरव बढ़ाया।महाराज जी को बेस्ट स्पिरिचुअल लीडर ऑफ इण्डिया, इन्टरनेशनल बेस्ट स्पिरिचुअल लीडर इन हिन्दू मैथलॉजी, पर्यावरण रत्न, ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस ऑफ कॉमंस में भारत गौरव व ताशकंद में इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड इन पीस एंड डिवोशन के अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।लाखों लोग अपने शराब आदि बुरे व्यसनों को महाराज जी के संपर्क में त्याग चुके हैं व त्याग रहे हैं। एक दर्जन से अधिक भाषाओं के ज्ञाता व करोड़ों लोगों के पथ प्रदर्शक स्वामी हरि चौतन्य महाप्रभु कोई व्यवसायिक कथा वाचक नहीं बल्कि लोगों की भावनाओं के बल पर ही देश विदेश में जाते रहे हैं व जाते रहेंगे।लगभग सम्पूर्ण विश्व में ही महाराज जी धर्मप्रचारार्थ जाते रहे हैं। संपूर्ण भारत वर्ष की पदयात्रा करके व आज तक हर क्षेत्र में जाकर भारतीय अध्यात्म का डंका बजाते रहे हैं।आयोजन स्थल सांस्कृतिक विभाग सभाग्रह विधानसभा कॉलोनी में पधारने पर बड़ी संख्या में भक्तों परम पूज्य श्री महाराज जी का भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया।

# समाजसेवियों ने किया कई विद्यालयों को गोद लेने का ऐलान

## समाजसेवी शिव कुमार अग्रवाल और चुघ सहित कई लोग हुए सम्मानित





रुद्रपुर(उद संवाददाता)एकल अभियान से संबंधित भारत लोक शिक्षा परिषद रुद्रपुर चैप्टर द्वारा भूरारानी स्थित द्वारका फार्म हाऊस में सेवाव्रती सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री स्नेह पाल और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति अशोक बंसल, बीएलएसपी के राष्ट्रीय चेयरमैन नीरज रायजादा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, श्रीमति साधना गुप्ता नार्थ दिल्ली चैप्टर की महिला अध्यक्षा, दीप कुमार केंद्रीय सह अभियान प्रमुख , मनोहर लाल केंद्रीय कार्यकर्ता विभाग प्रमुख ,कार्यक्रम अध्यक्ष एवं रूद्रपुर चैप्टर के अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग, चैप्टर के महामंत्री अभिषेक अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कपूर , उपाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल , कोषाध्यक्ष ताराचंद अग्रवाल,सह महामंत्री अंजुल त्यागी , बलदेव छाबड़ा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। राष्ट्रीय चेयरमैन नीरज रायजादा ने कहा कि समाज के उद्योगपति और समाज सेवियों एवं सक्षम परिवारों की बदौलत ही स्वच्छ समाज का निर्माण हो सकता है, यह बच्चे आने वाले कल का भविष्य हैं उन्होंने कहा कि एकल का उद्देश्य यदि बच्चे विद्यालय नहीं जा सकते तो विद्यालय को बच्चों तक पहुँचाना एकल का कार्य है जिस स्थानों पर सरकार भी विद्यालय नहीं खोल पाई है वहाँ पर भी एकल ने स्कूल खोले है साथ ही उन्होंने एकल से संबंधित प्रेजेंटेशन दिखाया जिस पर सभागार में उपस्थित लोगो ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा भी की तथा तालिया बजाकर अभिवादन किया । मुख्य अतिथि अशोक बंसल ने भी एकल के बारे में विस्तार से बताया साथ ही समाज के सम्पन्न वर्ग से इस कार्य में सहयोग हेतु अपील की साथ ही अपने आप भी 10 विद्यालय गोद लेने की घोषणा की। रूद्रपुर चैप्टर के अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आये अतिथियों को पटका पहना और भागवत गीता भेट कर सम्मान किया। विजय भूषण गर्ग ने बताया कि इस अभियान के तहत रूद्रपुर शहर से अभी तक 67 विद्यालयों को गोद लिया गया है तथा जल्द ही हम स्थानीय लोगो से संपर्क कर और विद्यालय भी गोद लिए जाएँगे जहां बच्चों की शिक्षा दिक्षा का पूरा ख्याल रखा जाएगा। शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति शिवकुमार अग्रवाल ने इसमें से 21 विद्यालयों एवं दिनेश कपूर ने 10 विद्यालय को गोद लेने का ऐलान किया । इस दौरान एकल अभियान के खेलकूद प्रभारी भारत भूषण चुघ को भी पटका पहना और भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया। श्री चुघ ने कहा कि एकल अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पिछले दिनों एकल अभियान के माध्यम से खेलकूद प्रतियोगिता का नागपुर में आयोजन हुआ था। जिसमें यहां की बालिकाओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस दौरान एकल अभियान से जुड़े छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन अभिषेक अग्रवाल एवं अरविन्द के द्वारा किया गया। इस मौके पर ,अमरनाथ जोशी , झम्मन लाल शर्मा,विनय बत्रा, प्रमोद कुमार,रूद्रपुर चैप्टर के को-ऑर्डिनेटर अरविंद कन्नौजिया, कुलवीर, कुशल अग्रवाल ,बलदेव राज छाबड़ा, हरीश बजाज, शैली बंसल , सीए अशोक सिंघल, मनीष अग्रवाल, अक्षय बिष्ट ,यशवीन सिंह , शैली बंसल, उमेश अग्रवाल,लाल सिंह दायमा ,आयुष अग्रवाल , ध्रुव सिंघल, आयुष गर्ग , अतीव अग्रवाल , विनीत शर्मा , आदि लोग मौजूद थे।










## इंस्पायर अवार्ड में श्री गुरु नानक हायर सेकेंडरी के दो बच्चे चयनित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। छात्रों की विज्ञान के प्रति लगातार बढ़ती रुचि से प्रेरित केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को महत्वाकांक्षी योजना इंस्पायर अवार्ड में श्री गुरु नानक हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के पांच विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इनमें से कु. रश्मिता वर्मा (कक्षा 9) एवं आदित्य रुहेला (कक्षा 9) का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। चयनित छात्रों को अपना प्रोजेक्ट बनाने के लिए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 10 हजार की राशि प्रदान की गई।विद्यालय प्रबंधक समिति के वरिष्ठ सदस्य सरदार करनैल सिंह, प्रबंधक सरदार हरजिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष सरदार अमनदीप सिंह, अध्यक्ष सरदार भूपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सरदार संदीप चीमा, सह-प्रबंधक सरदार गुरप्रीत सिंह संधू एवं अन्य समिति सदस्यों सरदार प्रीतपाल सिंह , सरदार भूपेंद्र सिंह (बंटी), सरदार इकबाल सिंह तथा सरदार सतिंदर पाल सिंह की ओर से चयनित छात्रों को प्रोत्साहन एवं शुभकामनाएं दी गई हैं। गुरु नानक शिक्षा समिति के प्रबंधक सरदार गुरमीत सिंह और अध्यक्ष सरदार दिलराज सिंह ने भी छात्रों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया।उक्त दोनों छात्रों द्वारा विद्यालय को गौरवान्वितकिए जाने पर प्रधानाध्यापिका श्रीमती जतिंदर कौर संधू, प्रोजेक्टकॉर्डिनेटर्स और सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा भी बधाई, प्रोत्साहन व शुभकामनाएं दी गई।

## शासन से नगर निगम को मिलेगा अतिरिक्त बजट:शर्मा



रूद्रपुर। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा की मांग पर शासन से रूद्रपुर नगर निगम को विकास कार्यों के लिए जल्द ही अतिरिक्त बजट प्राप्त होगा। जिससे महानगर कई सड़कों का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस सम्बंध में डीएम को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा विकास शर्मा की मांग पर श्री तुलसी धाम में हाल निर्माण के लिए भी मुख्यमंत्री कार्यालय ने पत्रावलियां मांगी है। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने बीते दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जिला मुख्यालय आगमन के दौरान उन्हें पत्र प्रेषित कर नगर निगम को विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त बजट देने की मांग की थी। पत्र में विकास शर्मा ने कहा था कि रूद्रपुर नगर निगम क्षेत्र की आबादी लगातार बढ़ रही है और यहां पर नई कालोनियों का विकास तेजी हो रहा है। नगर निगम क्षेत्र में कई सड़कों का निर्माण होना है जिसके लिए लिए अलग से बजट की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही है। विकास शर्मा के पत्र का संज्ञान लेते हुए सीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सीएम के निर्देश के बाद मुख्यमंत्री के दिवस अधिकारी सुभाष चन्द्र ने जिलाधिकारी को बजट के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने के लिए लिखा है। इसके अलावा मल्सा गिरधरपुर स्थित तुलसी धाम में मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत हॉल निर्माण की मांग को लेकर भी भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने पत्र प्रेषित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि मलसा गांव में स्थित श्री तुलसी धाम के वार्षिक उत्सव में पिछले वर्ष फरवरी 2023 में हॉल निर्माण की घोषणा की गयी थी और उसके लिए सीएसआर फंड से हाल बनवाने के लिए निर्देश दिये गये थे। लेकिन हॉल काफी बड़ा होने के कारण सीएसआर फंड से उसका निर्माण संभव नहीं हो पा रहा है। विकास शर्मा के आग्रह पर सीएम कार्यालय से अब हॉल का निर्माण मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों से पत्रावलियां मांगी गयी है। विकास शर्मा ने सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिले की हर समस्या को गंभीरता से ले रहे हैं। उनकी घोषणाओं का पूरा करने के लिए अधिकारी तत्परता से काम कर रहे हैं।

## भाजपा सरकार में महिलाओं को मिल रही हर क्षेत्र में प्राथमिकता: कुसुम



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम नारी शक्ति सम्मान में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई।राज्य सरकार की ओर से 5 महिलाओं को महालक्ष्मी किट वितरित की गई तथा इस अवसर पर 6 शिशुओं का अन्नप्राशन भी कराया गया। कार्यक्रम में आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल द्वारा पांच महिला बीएलओ को श्रेष्ठ कार्य हेतु सम्मानित भी किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी मातृशक्ति को निष्पक्ष व बिना लालच के मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रहते हुए आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि आज केंद्र व राज्य सरकार के नेतृत्व में महिलाओं को हर क्षेत्र में प्राथमिकता मिल रही है। आज हमारे राज्य की महिलाशक्ति आत्मनिर्भर हो रही है। उन्होंने कहा कि आज माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में महिलाए हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है तथा राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी महिलाओं की सुरक्षा व उनके सशक्तिकरण के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। उन्होंने मातृशक्ति की सम्बोधित करते हुए कहा कि आज गर्व का विषय है कि राज्य के प्रमुख पदों में महिलाएं है। श्रीमती कण्डवाल ने यूसीसी पर राज्य के मुख्यमंत्री व केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया व इसके प्रति महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि यह कानून महिला सुरक्षा व महिलाओं के हितों की रक्षा का काम करेगा और इसका सर्वाधिक लाभ राज्य की मुस्लिम बहनों को मिलेगा उन्हें अब अन्य महिलाओं की भाँति अपने हक और अधिकार प्राप्त होंगे और तीन तलाक जैसी प्रताड़ना से नही झूझना पड़ेगा उन्हें समान अधिकार मिलेंगे। साथ ही आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कंडवाल ने कहा कि हम माता को यह भी देखना होगा कि हमारे बच्चे हमारी संस्कृति व संस्कारों से कैसे जुड़े उन्हें अपनी संस्कृति और संस्कारों की शिक्षा अवश्य देनी होगी क्योंकि यदि आज का युवा स्वस्थ होगा तभी वह शिक्षित भी होगा और स्वावलंबी भी होगा । यह सब संस्कारों के माध्यम से ही संभव है। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, माही सकलानी, मनीषा राय, रजत दीक्षित, रोली कश्यप, सोनाली जोहरी सहित मातृशक्ति उपस्थित रही।





## अखण्ड नाम संकीर्तन के लिए कमेटी का गठन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शुक्रवार को टेगोर नगर श्री कृष्ण मन्दिर परिसर में श्रीश्री अखण्ड नाम संकीर्तन के सन्दर्भ में एक बैठक का आयोजन किया गया। सभाध्यक्ष सुनील विश्वास एवं उपाध्यक्ष कार्तिक सुतार रहे । बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष चंद्रकान्त दास,उपाध्यक्ष राकेश



मण्डल,सचिव अशोक मण्डल, उपसचिव रिपुसुधन मण्डल, कोषाध्यक्ष अरविन्द मण्डल,ऑडिटर सव्यसाचि हालदार,नारायण विश्वास, मीडिया प्रभारी रवि मजूमदार ,संरक्षक,सुनील विश्वास, बाबूराम हालदार,किशोर रॉय,अजीत हालदार,कार्तिक सुतार,सुबल विश्वास, विश्वजीत हालदार,शशि दास,कृष्ण दास,सुनील सरकार है।

## बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दुर्घटना के आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दी गई है। इंद्रानगर मोहम्मदी चौक निवासी उस्मान पुत्र मेहंदी हसन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपने भाई सुलेमान के साथ उसकी बुलेट 8 फरवरी की शाम को घर की ओर लौट रहे थे। जब वह बरेली रोड में धान मिल के पास पहुंचे तभी बाइक संख्या यूके03-8427 ने उनकी बुलेट में टक्कर मार दी जिससे उसके भाई सुलेमान को गंभीर चोट आ गई। उसे गंभीर हालत में एसटीएच ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने बाइक सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# अवैध खनन की सूचना पर एसडीएम ने मारा छापा

## अवैध खनन में लिप्त लोगों में मचा हड़कम्प, जेसीबी मशीन ओर दो डंपर पकड़े



किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली अंतर्गत हल्द्वानी मार्ग पर राजपुर व लक्ष्मीपुर क्षेत्र में एनएच के नाम पर अवैध खनन की सूचना पर प्रशासन ने अचानक छापामार कार्यवाही की। प्रशासन की कार्रवाई से मौके पर हड़कंप मच गया और खनन में लिप्त लोग वाहन लेकर खेतों के रास्ते मौके से भागते नजर आए। उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में की गई छापामार कार्यवाही के दौरान प्रशासन की टीम ने मौके पर एक जेसीबी मशीन तथा खनन से भरे दो डंपर पकड़ लिए। फिलहाल प्रशासन ने पकड़े गए वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी मार्ग स्थित काली मंदिर के पीछे राजपुर एवं लक्ष्मीपुर क्षेत्र में अवैध खनन की लगातार मिल रही थी। शिकायत के बाद एसडीएम कोस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासन ने छापामार कार्यवाही की। इस दौरान मौके पर तहसील प्रशासन के अलावा भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा। प्रशासन की टीम के मौके पर पहुंचने की सूचना मिलते ही अवैध खनन में लिप्त लोग वाहन लेकर खेतों के रास्ते मौके से फरार हो गए। मौके पर खनन कारोबारी द्वारा कृषि भूमि को खुर्द बुर्द कर बर्बाद करने का मामला भी प्रकाश में आया। खनन में लिप्त लोगों द्वारा गोला नदी किनारे कृषि भूमि पर गहरे गहरे गड्ढे खोदकर उपजाऊ भूमि को बर्बाद किया जा रहा है तथा नदी किनारे किए जा रहे अवैध खनन के कारण गोला नदी का आकार लगातार बदल रहा है जिसके चलते आने वाले समय में अगर बाढ़ की स्थिति बनी तो हजारों एकड़ कृषि भूमि और फसल बर्बाद हो जाएगी। काली मंदिर से 4 किलोमीटर दूर गोला नदी के पास लक्ष्मीपुर में एनएच के नाम पर हो रहे अवैध खनन को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई छापेमारी से खनन कार्य में लगे लोगों में जहां हड़कंप मच गया तथा लोग ट्राले व जेसीबी छोड़ कर भाग खड़े हुए। एक अहम जानकारी यह भी मिली कि अधिकांश डंपरों में नंबर प्लेट भी गायब थी ।उप जिला धिकारी कोस्तूभ मिश्रा ने तहसीलदार गिरीश कुमार त्रिपाठी एवं राजस्व निरीक्षक दीपक कुमार के साथ अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए खनन स्थल से कई ट्रक और जेसीबी को अपने कब्जे में लेकर अवैध खनन के विरुद्ध अभियान चलाया है। उल्लेखनीय है कि विगत कई दिनों से एनएच के नाम पर अवैध खनन किए जाने की शिकायतें सामने आ रही थी। बताया जाता है कि स्थानीय सत्ताधारी दल के नेता द्वारा भी काली मंदिर के आसपास गोला नदी के किनारे अवैध खनन किए जाने की शिकायत उच्च स्तर पर की थी जिस पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए खनन स्थान पर जबरदस्त छापेमारी की तथा भू अभिलेख का सत्यापन किया। छापामारी की कार्रवाई में स्थानीय पुलिस बल का भी सहयोग लिया गया।इस सम्पूर्ण करवाही में प्रशासन के संज्ञान में यह भी जानकारी आई कि अधिकांश डंपरों की नंबर प्लेट या तो ढक दी गई थी या फिर हटा दी गई ।इसकी मुख्य वजह रॉयल्टी बचाना बताया गया है। वैसे सड़क पर भी ऐसे खनिज लदे वाहनों को देखा जा सकता है। प्रशासन की अवैध खनन के खिलाफ की जा रही कार्यवाही आगे भी जारी रहने वाली है।खनन मे पकड़े गए वाहनों को सीज करने की कार्यवाही के साथ अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत किया जा सकता है जिस प्रशासन अभिलेखों की जांच कर रहा है।यह भी जानकारी में आया है कि कुछ लोग इस खनन का कार्य परदे के पीछे रह कर कर रहे है।

## चाकू और दस लीटर शराब सहित दो दबोचे

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शराब तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने संजय मंडल पुत्र गणेश मंडल निवासी वार्ड 3 मेन मार्केट शक्तिफार्म को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ कुशमोठ तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई गयी। पुलिस टीम में कॉस्टेबल भारत भूषण ,भवान सिंह आदि थे। वहीं संदिग्धों के खिलाफ चलाये जा रहे आपरेशन प्रहार के तहत चौकी पुलिस ने देव अधिकारी पुत्र अशोक अधिकारी निवासी टैगोर नगर नंबर 4 शक्तिफार्म को एक रामपुरी चाकू के साथ तीन पानी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।





## नगर पंचायत में बिना पानी सप्लाई के चल रहा सुलभ शौचायल

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत द्वारा गुरूद्वारा रोड पर नवनिर्मित दुकानों में बनाएं गए सुलभ शौचालय में 5 माह बाद भी पानी की व्यवस्था नही है। बिना पानी के चल रहें शौचालय से गंदगी की बु आ रही है। जिससें आसपास के दुकानदार परेशान हैं। गौरतलब है कि नगर में सार्वजनिक शौचालय न होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर पंचायत द्वारा गुरूद्वारा रोड पर दुकानों का निर्माण कराने के साथ ही एक सुलभ शौचालय भी बनाया गया है। दुकान व शौचालय करने वाले ठेकेदार ने शौचालय तो बना दिया , जिससें पानी की लाईन भी डाल दी गई है। लेकिन पानी की सप्लाई की कोई व्यवस्था नही की गई है। बिना पानी की सप्लाई के शौचालय शुरू हो गया है। स्टेण्ड



शौचालय के कनैक्शन होने के बाबजूद सीट नही लगाई गई है। गुरूद्वारा मार्केट में आसपास कोई शौचालय भी नही है। एक मात्र शौचालय होने से दुकानदार व राहगीर व दूरदराज से आने वाले ग्रामीण बिना पानी सप्लाई के शौचालय का इस्तेमाल करने को मजबूर है। शौचालय के पास ही पुराना नगर पंचायत कार्यालय भी है। लेकिन इसके बाबजूद शौचालय में पानी की सप्लाई नही है। पानी की सप्लाई न होने से साफ सफाई भी नही हो पा रही है। ऐसे में शौचालय में गंदगी होना स्वभाविकहै। नगर पंचायत की अधिशाशी अधिकारी विमला जोशी ने बताया कि दुकान व शौचालय निर्माण में ठेकेदार के अनुबंध में पानी सप्लाई की जानकारी ली जायेगी। अगर पानी सप्लाई की जिम्मेंदारी ठेकेदार की नही है तो नगर पंचायत पानी सप्लाई की व्यवस्था करेगा।

## पेज एक का शेष...

**किसानों ने टॉल गेट ..**दें। मात्र हवाई घोषणाओं से किसानों का हित नहीं होने वाला। किसान नेताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार ने तीन कृषि कानूनों को वापस लेते हुए किसानों से एमएसपी की गारंटी, बिजली बिल, कर्ज मुक्ति आदि विषयों पर आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी कारण किसानों को फिर से आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हरियाणा सरकार किसानों को दिल्ली कूच से रोकने के लिए उन पर अत्याचार कर रही है। हरियाणा सरकार ने किसानों को खनौरी व शंभू बार्डर पर रोका है, आंसू गैस के गोले, लाठीचार्ज में बहुत से किसान घायल हुए हैं। किसानों पर बर्बता की जा रही है इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार किसानों के साथ अमानवीय व्यवहार के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन चंदौली के प्रदेश अध्यक्ष के अलावा किसान नेता नवतेजपाल सिंह, भारतीय किसान यूनियन के उत्तराखंड यूपी प्रभारी बलजिंदर सिंह, अनीस अहमद, दलजीत सिंह, प्रभजोत सिंह, जोगिंदर यादव, जितेंद्र सिंह, संतोष सिंह, रणजीत सिंह, ध्रुव देव कुशवाहा, दलवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा जिला उप सचिव डॉक्टर जगदेव सिंह, केंद्रीय ट्रेड यूनियन देवेंद्र सिंह, हरीश गंगवार, सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे। वहीं किसानों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी फोर्स तैनात रही। रूद्रपुर किच्छा के अलावा पंतनगर , दिनेशपुर, पुलभट्टा, से भी पुलिस मौके पर बुलाई गयी इसके अलावा पीएसी के जवान भी तैनात रहे। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के अलावा सीओ किच्छा ओपी शर्मा, कोतवाल किच्छा सुंदरम शर्मा, पंतनगर इंस्पेक्टर आरएस डांगी, थानाध्यक्ष पुलभट्टा कमलेश भट्ट,एसओ दिनेशपुर अनिल जोशी, चौकी प्रभारी लालपुर सतीश कुमार शर्मा,चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी, आवास विकास पुलिस चौकी प्रभारी अरविन्द बहुगुणा,एसआई दिनेश भट्ट समेत भारी संख्या फोर्स मौके पर रही। समाचार लिखे जाने तक किसानों का धरना जारी था।

**उत्तराखंड में अब सपा..**उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मंसूबा बनाए हुए हैं ,पर एक रणनीतिक दबाव बनाने के प्रयास में है। हालांकि हरिद्वार लोकसभा सीट सहित समूचे उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी का ऐसा जनाधार नहीं है ,जिससे वह चुनावी नतीजे को प्रभावित कर सके, लेकिन वह चुनाव के समय कांग्रेस के पक्ष में बनने वाले संभावित मोमेंटम को गड़बड़ा जरूर सकती है। जिसका सीधा फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। बहरहाल ,समाजवादी पार्टी की स्थिति फिलहाल हरिद्वार लोकसभा सीट पर गेम चेंजर वाली भले ही ना हो और कांग्रेस की तुलना में उसका दावा अपेक्षाकृत बेहद कमजोर हो ,पर हरिद्वार लोकसभा सीट पर अपना प्रत्याशी उतारे जाने की मांग करके उसने कांग्रेस नेतृत्व को एक नई टेंशन देने के साथ ही सूबे के उन कांग्रेसी दिग्गजों की चिंता बढ़ा दी है जो हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस की टिकट पर संसद पहुंचने का सपना देख रहे हैं। बताना होगा कि हरिद्वार लोकसभा सीट पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत दिग्गज कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत तथा हरीश रावत के पुत्र समेत तकरीबन आधा दर्जन कांग्रेसी अपनी नजर गड़ाए हुए हैं। इसके अतिरिक्त कुछ दिनों पूर्व हरिद्वार लोकसभा सीट से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की चर्चा ने भी खासा जोर पकड़ा था, लेकिन सोनिया गांधी द्वारा रायबरेली सीट छोड़ देने के बाद अब यह माना जा रहा है की उत्तराखंड की हरिद्वार लोकसभा सीट पर प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की संभावना कतई नहीं है।

**हिंसाग्रस्त वनभूलपुरा में हटा...**आदि भी बांटा जा रहा है। साथ ही लोगों से भी मुलाकात कर उनकी परेशानियों को सुना जा रहा है। कर्फ्यू हटने से लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र का निरीक्षण किया गया और लोगों की परेशानी सुनी गई। साथ ही जरूरतमंद लोगों को सब्जी, फल अन्य जरूरी सामान का वितरण किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने कहा कि कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र में स्थित अब सामान्य हो रही है। प्रशासन की ओर से भी लोगों को हर संभव मदद के साथ ही जरूरी सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए सभी जरूरी सेवाओं को सुचारू किया गया है। लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं की भरपूर व्यवस्था करने के साथ ही चिकित्सकों की टीम तैनात की गई है जहां पर रोजाना ही लोगों की जांच और उन्हें दवाएं दी जा रही हैं। वनभूलपुरा में प्रशासन ने दिन का कर्फ्यू तो हटा दिया है लेकिन एटीएम नहीं खुलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को पैसों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है लेकिन पाबंदी की वजह से उन्हे मायूस होना पड़ रहा है। अब दिन का कर्फ्यू हटा दिया गया है। उम्मीद है जल्द ही क्षेत्र में एटीएम की व्यवस्था भी सुचारू हो जाएगी।

**होटल कर्मी पर ..**द्वारा अतिथि रेस्टोरेन्ट के पास एक राय होकर उसके साथ धारदार हथियार व डंडो से मारमीट कर गाली -गलोच कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु उनके नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनमें सुमित राठौर पुत्र जसवन्त राठौर निवासी बजरंग विहार फुलसुंगी, ट्राजिट कैंप,अमित राठौर पुत्र जसवन्त राठौर निवासी उपरोक्त, विशाल उर्फ नन्नू पुत्र राकेश बाल्मिकी निवासी खेड़ा, सुनील राजपूत उर्फ सिक्का पुत्र दिनेश राजपूत निवासी मनसा मंदिर के पास ठाकुर नगर तथा शिवम कुमार पुत्र सुखवीर सिंह बाल्मीकि निवासी अनवरिया फार्म थाना कैमरी जिला रामपुर उ0प्र0 हाल निवासी विवेकनगर गली नंबर 2 शामिल हैं। सभी की मुखबिर की सूचना पर मोदी मैदान से गिरफ्तार किया गया।

**बाइक की टक्कर ..**जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए व्यक्ति ने शनिवार सुबह दम तोड़ दिया। मृतक के दो पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है। फेरी लगाकर परिवार का भरण पोषण करने वाले मृतक चिरंजी लाल ने अपने एक पुत्र सूरज की शादी कर दी। उसकी दूसरी पुत्री नेहा की 2 मार्च को बरात आने वाली थी लेकिन इसी बीच गंभीर तरीके से घटित एक्सीडेंट की घटना ने शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल दी।

**साइबर ठग ने ..**ट्रांसफर कर दिए। जब उसने इस संबंध में अपनी रिश्तेदार से जानकारी ली तो उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के लिए 1429.89 लाख अनुमोदन

देहरादून(उद संवाददाता)। काशीपुर कलस्टर की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के लिए वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने 1429.89 लाख रूपये पर अपना अनुमोदन दिया है। मंत्री डा. अग्रवाल ने बताया कि काशीपुर कलस्टर जिसमें काशीपुर, जसपुर और महुआडाबरा आदि की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के लिए उनकी ओर से 1429.89 लाख रूपये को अपना अनुमोदन दिया है। उन्होंने बताया कि इसमें चतुर्थ राज्य वित्त आयोग से 571.956 लाख रूपये, स्वच्छ भारत मिशन से 500.46 लाख रूपये तथा काशीपुर कलस्टर से 357.4725 लाख रूपये स्वयं के वहन से करेगा। उन्होंने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का तात्पर्य है कि वातावरण एवं जन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ठोस कचरे के उपचार, निस्तारण, पुनः प्रयोग, पुनः चक्रण व ऊर्जा में परिवर्तन करने की प्रक्रिया से है। उन्होंने बताया कि ठोस कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया के अनेक लाभ है इन लाभों में जन स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ मिलता है, बताया कि पर्यावरण स्वच्छ रहता है। उन्होंने बताया कि हमारे आसपास के सभी कचरे का उचित निपटान किया जाए तो हम पर्यावरण को आसानी से स्वच्छ रख सकते हैं।

## शराब के साथ पुलिस ने दो पकड़े

नानकमता(उद संवाददाता)। पुलिस ने 40 लीटर कच्ची शराब के दो लोगों ने अलग अलग गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुये बताया कि छिन्दर सिंह पुत्र बलबीर सिंह उम्र 48 निवासी बिडोरी के पास से एक कैन में 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। जबकि ग्राम इस्लामनगर निवासी राम सिंह पुत्र कृपाल सिंह के पास से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत चालान कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## गुरूद्वारा में धार्मिक समागम कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट में कल 18 फरवरी की शाम सात बजे से आठ बजे तक विशेष दिवान सजाया जायेगा। गुरूद्वारा स्त्री सत्संग सभा की प्रधान परमजीत कौर पम्मी ने बताया कि भव्य दिवान में भाई चमनजीत सिंह गुरूवाणी शबद कीर्तन की अमृत वर्षा करेंगे। उन्होंने संगत से अधिक से अधिक संख्या में समागम में पहुंचने की अपील की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सब्बल से उखाड़े घर के दरवाजे, जब्त किया सामान

## बनभूलपुरा हिंसा मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक सहित अन्य नौ आरोपियों की संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई हुई शुरू




हल्द्वानी( उद ब्यूरो)। बनभूलपुरा में हुई हिंसा में वांछित अब्दुल मलिक और उसका बेटे अब्दुल मोईद के बनभूलपुरा स्थित घर की कुर्की कर सामान जब्त कर लिया है। शुक्रवार की देर रात्रि नैनीताल जिला पुलिस के मुताबिक मौके पर एसपी सिटी श्री हरबंस सिंह, सीओ श्रीमती संगीता समेत पुलिस तथा प्रशासन की टीम मौजूद रहे। बनभूलपूरा हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक पर शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस और नगर निगम की टीम ने घर का सारा सामान जब्त करने के साथ ही दरवाजे और खिड़कियों के पल्ले भी तोड़ लिए। दरवाजों को नगर निगम कर्मचारियों ने संबल से उखाड़े। मलिक के घर में सामान जब्ती की कार्रवाई के दौरान पुलिस और नगर निगम की टीम ने सिर्फ बर्तन और किचन का सामान छोड़ा है जिससे वहां रह रहे व्यक्ति अपने लिए खाना बना सकें। बनभूलपुरा हिंसा मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक सहित अन्य नौ आरोपियों की संपत्ति की कुर्की करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। शुक्रवार को बनभूलपुरा के लाइन नंबर आठ में स्थित मलिक के मकान में पुलिस ने सबसे पहले कुर्की की कार्रवाई शुरू की है। मौके पर पहुंची पुलिस और नगर निगम की टीम को घर पर अब्दुल मलिक का भांजा नफीस ही मिला। उसके अलावा घर में कोई नहीं था। जब पुलिस अधिकारियों और नगर निगम की टीम को घर पर देखकर उसके होश उड़ गए। उसने हाथ जोड़कर पुलिस अधिकारियों से घर का सामान जब्त नहीं करने की अपील की लेकिन टीम ने उसकी बातों पर ध्यान नहीं दिया। पुलिस और नगर निगम की टीम ने घर से सोफा, चारपाई, गद्दे, पंखा, फ्रिज, टीवी, कुर्सी, टेबल सहित घर में रखा सारा सामान जब्त कर लिया। इस दौरान पुलिस की एक टीम इसका ब्यौरा भी लिखती रही। मगर सामान को मौके पर सील नहीं किया गया। बिना सील किए हुए सारा सामान ट्रैक्टर ट्रॉली में लदवाया गया।जानकारी के अनुसार मौके से तीन ट्रैक्टर ट्रॉली सामान भरकर भेजा गया है। कार्रवाई के दौरान एसपी सिटी हरबंस सिंह, सीओ लालकुआं संगीता, तहसीलदार हल्द्वानी सचिन, प्रभारी निरीक्षक लालकुआं डीआर वर्मा और थानाध्यक्ष कालाढूंगी नंदन सिंह रावत आदि मौजूद रहे। बनभूलपुरा हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक के घर की कुर्की के दौरान नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीम ने दरवाजे तक उखाड़ लिए। घर से कब्जे में लिया गया सामान ट्रैक्टरों में भरकर नगर निगम भेजा गया। प्रशासन के सूत्रों का कहना है कि हल्द्वानी में ही अभी उसकी कई संपत्तियां हैं, जहां भी कुर्की की कार्यवाही की जा सकती है। इसके अलावा मलिक के घर पर कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। कर्फ्यूग्रस्त इलाके में बाहर से किसी व्यक्ति को अंदर जाने और अंदर के व्यक्ति को बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। हालात को सामान्य होता देख कर्फ्यू के समय सीमा में और बढ़ोतरी की जा सकती है। हालांकि कुछ इलाकों में अभी भी इंटरनेट सेवा पूरी तरह बहाल नहीं की गई है।

# अखण्ड महानाम संकीर्तन से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा



रुद्रपुर( उद संवाददाता)। संजय नगर खेड़ा में श्री श्री सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन आज 17 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित होगा। जिसको लेकर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकाली ,जो संजय नगर से प्रारंभ होकर झील पहुंची ।इस दौरान महिलाओं ने हरे राम हरे कृष्ण के जयघोष से वातावरण भक्तिमय कर दिया। कलश यात्रा के पश्चात महिलाओं ने कलश में जल भरा और मंदिर में उसे रख दिया। इस दौरान समाजसेवी और वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के साथ ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी कलश यात्रा में शामिल हुए। जहां कमेटी को लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में प्रत्येक पर्व का विशेष महत्व है ऐसे में अखंड महानाम संकीर्तन प्रारंभ हो रहा है जो कई दिन तक चलेगा। इस कीर्तन में सभी लोग बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर प्रभु का स्मरण करेंगे।इस मौके पर सनी पासवान, राजकोली, अनिल शर्मा, असित वाला, अरुण दास, देवानंद सोनकर, उत्पल जोद्दार, अमल मंडल, श्रीपद मंडल, उत्तम चौधरी, सपन विश्वजीत सरकार, अर्जुन विश्वास मनोज बैरागी मानस बैरागी, पूर्व सभासद दिलीप अधिकारी, गोविंद राय, गणेश सरकार,रमेन विश्वास,अर्जुन विश्वास समेत सैकड़ो महिलाएं मौजूद थी।

